यूटीयू: सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छह नकलची पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह व विवि के उड़नदस्ते ने हरिद्वार जनपद के तीन संबद्ध स्ववित्तपोषित कालेजों का शनिवार को औचक निरीक्षण कर यहां सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छह नकलची छात्रों को नकल की पर्चियों समेत रंगे हाथों पकड़ा। तीनों कालेज रुड़की क्षेत्र में संचालित किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने उड़नदस्ते के साथ रुड़की स्थित बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में सुबह की पाली में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। तो दो कक्ष में तीन छात्र नकल करते हुए धरे गए। इसके तुरंत बाद टीम समीप के अरि. हंत ला कालेज गई यहां विधि की परीक्षा चल रही थी। मौके से एक छात्र को नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। टीम ने मौके से नकल की सामग्री सहित कापी को सील कर दिया। इसके बाद आरसीपी फार्मेसी कालेज में प्रथम पाली में एक छात्र को दूसरी पाली में एक अन्य छात्र को मोबाइल के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ा गया। उड़नदस्ता टीम ने कुलपति के समक्ष ही सभी छह छात्रों की नकल सामग्री और उत्तर पुस्तिका को सील कर दिया।